>

Title: Need to drip irrigation facility for maize crop; potato based processing industries and an Aroma University in Kannauj PArliamentray Constituency, UP

श्री सुब्रत पाठक (कन्नौज): धन्यवाद आदरणीय अध्यक्ष जी, आपके माध्यम से मेरे जैसे प्रथम बार चुनकर आने वाले सदस्यों को बोलने का अवसर प्रदान किया गया है ।

मैं माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा सांकेतिक जल संरक्षण के वर्तमान समय की सबसे बड़ी समस्या पर आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र कन्नौज में आलू की खेती के तुरंत बाद मक्के की खेती बड़े पैमाने पर किसानों द्वारा की जाती है । मक्के की खेती प्रचंड गर्मी के मौसम में होने के कारण उसकी सिंचाई में पड़े पैमाने पर भूगर्भ जल का दोहन हो रहा है, जिसके परिणामस्वरूप जलस्तर दिन-प्रतिदिन नीचे जा रहा है । भविष्य में सामन्य जनमानस के समक्ष शुद्ध पेयजल का भारी संकट आसन्न हो सकता है । इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करना चाहता हूं कि जनपद कन्नौज और आस-पास के इलाकों में मक्के की सिंचाई के लिए ड्रिप इरीगेशन की विशेष कार्य योजना तैयार कराकर पानी का बचाव करते हुए कम पानी में अच्छी पैदावार वाली फसल के उन्नतशील बीज की व्यवस्था तथा सिंचाई के लिए बरसात व प्राकृतिक संसाधनों को बढ़ावा देने की कार्य योजना पर सरकार तत्काल विचार कर उसे अमल में लाए । इसके साथ ही आलू आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु सरकार की ओर से योजना बनाई जाए ताकि अधिक फसल होने पर भी आलू को फेंकने जैसी नौबत न आए और हमारे अन्नदाता किसानों को वाजिब मूल्य मिल सके । दुनिया भर में कन्नौज की पहचान इत्र और अरोमा ऑयल से है । अत: कन्नौज में अरोमा यूनिवर्सिटी बनाने का प्रबंध हमारी सरकार गंभीरतापूर्वक करे । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्षः कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, डॉ.मनोज राजोरिया और श्री मुकेश राजपूत को श्री सुब्रत पाठक द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।